दिनांकः 24.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हुआ। पहले दिन नवनिर्वाचित सांसदों को सदन के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जा रही है। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल, जीतनराम मांझी, राजीव रंजन, डॉ वीरेंद्र कुमार, किरेन रिजिजू, चिराग पासवान और अन्य ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई। सत्र के दौरान नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और सभी को साथ लेकर लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करेगी। लोकसभा का सत्र शुरू होने से पहले, आज संसद के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सभी को साथ लेकर और शुचिता बनाए रखते हुए आगे बढ़ना और निर्णयों में तेजी लाना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लोग विपक्ष से अच्छे आचरण की उम्मीद करते हैं। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की, कि विपक्ष लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि 18वीं लोकसभा के सांसद आम आदमी की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

....

आज पासपोर्ट सेवा दिवस है। इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सभी भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जयशंकर ने भारत की नागरिक केंद्रित विदेश नीति कार्यक्रम को उन्नत बनाने में उनके योगदान की सराहना की। श्री जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रालय पासपोर्ट सेवाओं की समयानुसार, प्रमाणिक, निष्पक्ष तथा नागरिक सुलभ सेवाओं के के लिए प्रतिबद्धत है।

....

बूंदी आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत सुबह चौगान दरवाजे पर शहनाई वादन से हुई। इसके बाद गढ़ पैलेस में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गढ़ गणेश की पूजा अर्चना की गयी। शाम को नवल सागर पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इनमें मयूर रास, फूलों की होली, कालबेलिया, भवाई, चरी, घूमर और सहरिया नृत्य के साथ ही लंगा गायन तथा बूँदी के लोक गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

....

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत अपने सुपर–8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से सेंट लूसिया, ग्रॉस आइलेट के डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एक अन्य मैच में एंटीगुआ में आज सुबह दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से प्रभावित सुपर 8 के रोमांचक मैच में मजबूत वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 8 विकेट पर 135 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 123 रन का संशोधित लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 68 मिलीमीटर नागौर के नावां में हुई। विभाग ने आज भी जोधपुर, उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद बारिश का पूर्वानुमान जताया है। उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी वर्षा की भी संभावना है।

....